ANNEXURE V

# BRIDGE MONTH PROGRAMME

## Grade 6






**सेतु माह कार्यक्रम:**
स्तर-6, हिंदी

***प्रथम संस्करण***
*अप्रैल 2024 बैशाख 1946*

**PD T SU**

***© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2024***

**सर्वाधिकार सुरक्षित**
- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फ़ोटो प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रचारण वर्जित है।
- इस पुस्तक की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशन की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टिकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।

**एन. सी. ई. आर. टी. के प्रकाशन प्रभाग के कार्यालय**

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस
श्री अरविंद मार्ग
**नयी दिल्ली 110 016** फ़ोन : 011-26562708

108, 100 फ़ीट रोड
हेली एक्सटेंशन, होस्डेकेरे
बनाशंकरी III इस्टेज
**बेंगलुरु 560 085** फ़ोन : 080-26725740

नवजीवन ट्रस्ट भवन
डाकघर नवजीवन
**अहमदाबाद 380 014** फ़ोन : 079-27541446

सी.डब्ल्यू.सी. कैंपस
निकट: धनकल बस स्टॉप पिनहटी
**कोलकाता 700 114** फ़ोन : 033-25530454

सी.डब्ल्यू.सी. कॉम्प्लैक्स
मालीगाँव
**गुवाहाटी 781021** फ़ोन : 0361-2676869

**प्रकाशन सहयोग**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग | : | *अनूप कुमार राजपूत* |
| मुख्य संपादक | : | *श्वेता उप्पल* |
| मुख्य उत्पादन अधिकारी | : | *अरुण चितकारा* |
| मुख्य व्यापार प्रबंधक (प्रभारी) | : | *अमिताभ कुमार* |
| संपादन सहायक | : | |
| उत्पादन सहायक | : | |

*80 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित।*

सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशन प्रभाग में प्रकाशित तथा ........................................ .................................. द्वारा मुद्रित।

# सेतु-सामग्री निर्माण समिति

## समिति सदस्य

कविता बिष्ट, *मुख्याध्यापिका,* केंद्रीय विद्यालय, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद परिसर, नई दिल्ली

शारदा कुमारी, *सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या,* जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आर. के. पुरम, नई दिल्ली

## विशेष सहयोग

निशा जैन, *प्रवक्ता (हिंदी)*, रा. क. उ. मा. विद्यालय, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली

विजय कुमार चावला, *प्रवक्ता (हिंदी)*, आ. मॉ. व. मा. विद्यालय, ग्योंग, जिला कैथल, हरियाणा

## आभार

फारूक़ अंसारी, *अध्यक्ष,* भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

अंजना, अनुवादक, हिंदी प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

ज्योति, *एस. आर. ए.* प्रारंभिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

पूजा, *जे. पी. एफ.* प्रारंभिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

## सदस्य समन्वयक

नीलकंठ कुमार, *सहायक आचार्य (हिंदी)*, भाषा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

# सेतु-सामग्री के बारे में

भाषा सीखना NCF-SE 2023 (विद्यालयी शिक्षा) का महत्वपूर्ण पहलू है। पढ़ने और लिखने की क्षमता स्कूल के साथ ही भविष्य में भी सीखने व समझने के लिए एक आवश्यक एवं अनिवार्य अपेक्षा है। बच्चे भाषा तो सीखें साथ ही बुनियादी मूल्यपरक एवं नैतिक चिंतन को भी जानें और अपनाएँ ताकि वे जीवन को जीने के तौर-तरीकों में इसे सहज रूप से शामिल कर सकें। बच्चों में बुनियादी मूल्यों की स्थापना और उन्हें अपनी जीवन शैली में शामिल करना एक बड़ी उपलब्धि होगी। बच्चों में बुनियादी एवं संवैधानिक मूल्यों की स्थापना, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सतर्कता, सामाजिक-भावनात्मक अधिगम आदि को प्राप्त करने का माध्यम, भाषा ही है। अतः यहाँ भाषा सीखने का तात्पर्य सिर्फ पढ़ना और लिखना नहीं है बल्कि बच्चों की जीवन शैली सहित उनमें व्यवहारगत बदलाव का परिलक्षित होना भी है।

विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत साक्षरता एक मूलभूत उद्देश्य है। व्याकरण-ज्ञान, व्यापक शब्द भंडार तथा विविध परिस्थितियों के अनुसार भाषायी दक्षता का उपयोग अपने दैनिक जीवन में कर पाना, विद्यालयी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसके साथ ही तार्किक चिंतन का निरंतर अभ्यास और उसका विकास, दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियाँ और उनका विश्लेषण करने की क्षमता का विकास तथा बहुभाषिकता-केंद्रित शिक्षा भी इसके उद्देश्यों के केंद्र में है।

इस सेतु सामग्री का उद्देश्य कक्षा पाँच के पाठ्यक्रम और छठी कक्षा के नए पाठ्यक्रम के मध्य, सहज जुड़ाव एवं समन्वय बनाना है। इससे बच्चे खेल-खेल में, रोचक तरीके से पढ़ने और लिखने आदि का अभ्यास एवं विकास कर पाएँगे तथा आगामी पाठ्यक्रम के लिए तैयार भी हो जाएँगे।

## सप्ताह अनुसार समय-नियोजन

| सप्ताह | उपलब्ध समय | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सप्ताह 1 | 2 घंटे | R1 | | R1 | | R1 | पुस्तकालय भ्रमण |
| सप्ताह 2 | 2 घंटे | R1 | | R1 | | R1 | पुस्तकालय भ्रमण |
| सप्ताह 3 | 2 घंटे | R1 | | R1 | | R1 | पुस्तकालय भ्रमण |
| सप्ताह 4 | 2 घंटे | R1 | | R1 | | R1 | पुस्तकालय भ्रमण |

सेतु सामग्री में भाषायी कौशलों, जैसे समझ के साथ सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना आदि को ध्यान में रखा गया है। नीचे दी गई सूची में सप्ताहवार रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। रोचक गतिविधियों के माध्यम से लिखने के ढेरों अवसर विद्यार्थियों को दिए जा रहे हैं, उदाहरणार्थ – चित्र देखकर लिखना, किसी अवसर का वर्णन करना, सृजनात्मक लेखन, अपठित गद्यांशों-पद्यांशों पर अपनी समझ अभिव्यक्त करना, संदर्भ सहित व्याकरण आधारित लेखन आदि। विद्यार्थी किसी स्थिति अथवा घटना को पढ़कर उस पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकें, यह भी महत्त्वपूर्ण होता है। लिखने से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, सृजनात्मकता, संवेदनशीलता एवं जिज्ञासा का विकास होगा। लेखन में ऐसे बहुत से कौशल सम्मिलित हैं, जो **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** पर आधारित हैं। इसी को ध्यान में रखकर इस सेतु सामग्री का विकास किया गया है। छठी कक्षा के स्तर पर किसी भी सरल विषय पर मुक्त लेखन आवश्यक है। अलग-अलग विधा, परिस्थिति या माहौल में लेखन एवं उस विषय से संबंधित शब्दों का ज्ञान भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक होता है। कुल मिलाकर पढ़ने और लिखने की दक्षता की काफी आवश्यकता होती है।

इन गतिविधि-पत्रकों को हल करने के बाद विद्यार्थियों में उन क्षमताओं का विकास हो सकेगा जिनके माध्यम से वे पाठ्यक्रम में निर्धारित पुस्तक में दिए गए पाठों को सहजता से समझेंगे एवं उनका अभ्यास कर सकेंगे। आशा है कि इन गतिविधि-पत्रकों में दिए गए अभ्यासों को करने के बाद विद्यार्थियों के भाषा-संबंधी ज्ञान में संवर्धन होगा।

# सप्ताहवार गतिविधियाँ

**सप्ताह 1**

1. आपका परिचय
2. आपकी दिनचर्या
3. जन्मदिवस उत्सव
4. पार्क का दृश्य (चित्र वर्णन)
5. व्याकरण की बात
6. व्याकरण – वचन परिचय

**सप्ताह 2**

1. अकबर बीरबल के किस्से
2. आइए कहानी रचें
3. अनुमान और कल्पना
4. वर्णों का खेल
5. खेल-खेल में सीखें भाषा
6. स्वस्थ आदतें, खुशहाल बच्चे

**सप्ताह 3**

1. रंगोली
2. कविता की समझ
3. आइए बुनें कहानी
4. शब्दों का खेल
5. मेट्रो का सफर (यात्रा)
6. मेले का दृश्य

**सप्ताह 4**

1. भाषा के खेल
2. वर्णमाला (आइए कुछ करें)
3. बाल मेला सूचना
4. शब्दों की समझ
5. शब्द व्याकरण
6. शब्द खेल

# सप्ताह 1

## गतिविधि-1

# आपका परिचय

**संबंधित दक्षता: C-3.2:** उपयुक्त शैली और भाषा का प्रयोग करते हुए गद्य और काव्य लेखन करते हैं।

**1. कक्षा में अपना मौखिक परिचय दीजिए। दी गई पंक्तियों को पूर्ण करते हुए अपना परिचय भी लिखिए।**



मेरा नाम ______________________ है। मैं ______________________ में रहता/रहती हूँ। मैं ______________ कक्षा में पढ़ता/पढ़ती हूँ। मेरे पिताजी का नाम श्री ____________________ है। मेरी माताजी का नाम श्रीमती ____________________ है। मेरे विद्यालय का नाम ______________________________ है। मुझे ____________________ करना बहुत पसंद है। मेरा पसंदीदा खाना __________________________ और ________________________ है। मैं ____________________ जाना चाहता/चाहती हूँ। मैं बड़े होकर ____________________ बनना चाहता/चाहती हूँ।

## सीखने के प्रतिफल—

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/ काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

## आकलन बिंदु—

LEVEL 4 रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ बोलना और लिखना।

LEVEL 3 बोलने और लिखने की दक्षता।

LEVEL 2 बोलने, लिखने की सीमित दक्षता।

LEVEL 1 बोलने और लिखने की अपेक्षित दक्षता का अभाव।

**शिक्षक के लिए संकेत:** शिक्षक सीखने के प्रतिफल और दक्षता को ध्यान में रखते हुए इसी आधार पर अन्य गतिविधियों के लिए भी यथोचित आकलन बिंदु तैयार कर सकते हैं।

**2. बूझो तो जानें**

*ऊँट की बैठक, हिरण की चाल।*
*कौन-सा जानवर, जिसके दुम न बाल?*

*ऐसा लिखिए शब्द बन जाए,*
*फूल, फल, मिठाई बन जाए।*



*पंछी एक देखा अलबेला,*
*पंख बिना उड़ रहा अकेला।*
*बाँध गले में लंबी डोर,*
*नाप रहा अंबर का छोर।*

*चार पाँव पर चल न पाऊँ,*
*बिना हिलाए हिल न पाऊँ।*
*फिर भी सबको दूँ आराम,*
*झटपट बोलो मेरा नाम।*

**संबंधित दक्षता: C-1.1:** किसी पाठ्यवस्तु (समाचार - लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उसका सारांश प्रस्तुत करते हैं।

## सीखने के प्रतिफल—

1. किसी भी सामग्री को सुनकर और पढ़कर अपने विचार बोलकर साझा करते हैं।
2. पाठ्यवस्तु को पढ़ते या सुनते समय उसके मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं।
3. पाठ्यसामग्री को पढ़कर या सुनकर उसका सारांश लिखते हैं।

गतिविधि-2

# आपकी दिनचर्या

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. आप पूरे दिन में क्या-क्या करते हैं? दिए गए स्थान पर लिखिए।**




मैं ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## सीखने के प्रतिफल—

हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

**2. दिए गए वर्णों से दो-दो शब्द बनाइए।**













**3. निम्न शब्दों को वर्णमाला के अक्षरों के क्रमानुसार लिखिए।**

मछली, सेब, अनार, आलू, पेड़, जामुन, घर, नल, पत्र, शहद, वर्षा

### सीखने के प्रतिफल—

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

गतिविधि-3

# जन्मदिवस उत्सव

**संबंधित दक्षता: C-3.2:** उपयुक्त शैली और भाषा का प्रयोग करते हुए गद्य और काव्य लेखन करते हैं।

**1. दिए गए चित्र को देखकर उससे संबंधित कुछ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



- चित्र में क्या मनाया जा रहा है?

- आपका जन्मदिन कब आता है?

- चित्र में बच्चे क्या-क्या कर रहे हैं?

**2. आप अपना जन्मदिन कैसे मनाते हैं, लिखिए।**

**सीखने के प्रतिफल—**

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

### गतिविधि-4

# पार्क का दृश्य(चित्र वर्णन)

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. चित्र को देखकर कक्षा में बातचीत कीजिए और नीचे दिए गए स्थान पर उसके बारे में लिखिए।**



## सीखने के प्रतिफल—

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/ काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

गतिविधि-5

# व्याकरण की बात

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।




**1. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग पहचान कर उचित स्थान पर लिखिए।**

विमान गिलास चिड़िया थाली

पुस्तक रेलगाड़ी चाबी

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

2. दिए गए रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करते हुए वाक्यों को पुनः लिखिए।

- **बकरी** घास खा रही है।

  ______________________

- **शिक्षक** पढ़ा रहे हैं।

  ______________________

- **आदमी** काम पर जा रहा है।

  ______________________

- **मोरनी** बारिश में नाच रही है।

  ______________________

- **लड़की** पार्क में खेल रही है।

  ______________________

**सीखने के प्रतिफल—**

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-6

# व्याकरण- वचन परिचय

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।


बच्चा


बच्चे


तितली


तितलियाँ


घड़ियाँ


खिलौने


मालाएँ


पुस्तकें

1. **उपर्युक्त चित्रों को ध्यान से देखकर बादल में दिए गए शब्दों को छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए।**



| एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**2. नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों का वचन बदलकर पुनः वाक्य लिखिए।**

- बरगद के पेड़ों की **शाखा** झुकी हुई है।

- शाम के समय **बच्चा** पार्क में अलग-अलग खेल खेलता है।

- बगीचे की **क्यारी** रंग-बिरंगे फूलों से लदी हुई है।

- कारखाने की **मशीन** खराब पड़ी है।

- पतझड़ के मौसम में पेड़ों की पुरानी **पत्ती** झड़ जाती है।

**सीखने के प्रतिफल—**

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

# सप्ताह-2

### गतिविधि-1

## अकबर बीरबल के किस्से

**संबंधित दक्षता**

**C-1.1:** किसी पाठ्यवस्तु (समाचार - लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उसका सारांश प्रस्तुत करते हैं।

**C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



एक दिन बीरबल देर से दरबार में पहुँचे तो अकबर ने पूछा, "बीरबल, आज इतनी देर से क्यों आए हो?" बीरबल ने कहा, "महाराज, आज मुझे बच्चे को संभालना पड़ा। बड़ा कठिन काम है बच्चों को संभालना, इसीलिए देर हो गई।" अकबर ने हँसकर कहा, "बच्चों का क्या, कोई खाने की चीज दे दो या कोई खिलौना वे तो एकदम मान जाते हैं। यह भी कोई बहाना हुआ।" बीरबल बोला, "हुजूर, **हाथ कंगन को आरसी क्या!** अभी किसी बच्चे को बुलाकर आजमा लेते हैं।"

अकबर मान गए। तुरंत एक छोटे बच्चे को बुलाया गया। आते ही बच्चा रोने लगा। अकबर ने प्यार से बच्चे से पूछा, “बेटा, तुम्हें क्या चाहिए?” बच्चे ने दूध माँगा। तुरंत उसे दूध पिलवा दिया गया। वह फिर भी रोता रहा। अकबर के दोबारा पूछने पर उसने गन्ना माँगा। तुरंत गन्ना मंगवाया गया। बच्चे ने कहा, “इसके टुकड़े करो, तब खाऊँगा।” अकबर ने सेवकों से गन्ने के टुकड़े करने को कहा। एक टुकड़ा खाकर बच्चा बोला, “नहीं, मुझे पूरा गन्ना चाहिए।” अकबर ने दोबारा एक पूरा गन्ना मंगवाया। उसे देखकर बच्चा और जोर से रोने लगा और बोला, “नहीं, मुझे इन टुकड़ों वाला ही पूरा गन्ना चाहिए।” अब तो अकबर झल्ला उठे और बोले, “अरे! इन टुकड़ों से पूरा गन्ना कैसे बनाऊँ?” पर बच्चा रोता रहा और जिद पर अड़ा रहा। यह देखकर अकबर बीरबल की बात मान गए कि सचमुच बच्चों को संभालना टेढ़ी खीर है।

1. बीरबल दरबार में देरी से क्यों पहुँचे?

______________________________________

2. “बड़ा कठिन काम है बच्चों को संभालना, इसलिए देर हो गई।” यह कथन किसके द्वारा कहा गया है?

______________________________________

3. जो सामने देख लिया जाए उसके लिए किसी सबूत या प्रमाण की जरूरत नहीं होती है। अनुच्छेद में कौन-सी कहावत इस अर्थ का बोध करा रही है?

______________________________________

4. अनुच्छेद में अकबर ने बच्चे को मनाने के लिए कौन-कौन से उपाय करवाए?

______________________________________



5. प्रस्तुत अनुच्छेद का उचित शीर्षक लिखिए।

6. आइए भूल भुलैया से नाम वाले (संज्ञा) शब्दों को जानें।

7. अनुच्छेद में आए नाम वाले (संज्ञा) शब्दों को छाँटकर लिखिए।

**दक्षता C- 1.1 के सीखने के प्रतिफल—**

1. किसी भी सामग्री को सुनकर और पढ़कर अपने विचार बोलकर साझा करते हैं।
2. पाठ्यवस्तु को पढ़ते या सुनते समय उसके मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं।
3. पाठ्यसामग्री को पढ़कर या सुनकर उसका सारांश लिखते हैं।

**दक्षता C- 3. 1 के सीखने के प्रतिफल—**

1. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-2

# आइए! कहानी रचें

**संबंधित दक्षता: C-3.2:** उपयुक्त शैली और भाषा का प्रयोग करते हुए गद्य और काव्य लेखन करते हैं।

**1. नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखिए। उन्हें घटनाओं के आधार पर उचित क्रम में लगाइए। अब अपनी समझ के आधार पर एक कहानी लिखिए।***



### सीखने के प्रतिफल—

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

*शिक्षक चित्र से संबंधित कहानी विद्यार्थियों को कक्षा में सुनाएँ तथा विद्यार्थियों को उपर्युक्त गतिविधि के लिए प्रेरित करें।

गतिविधि-3

# अनुमान और कल्पना

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे — वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. कहानी में छूटे हुए शब्दों को अपने अनुमान के आधार पर लिखिए।**



कौआ और मुर्गी दोनों एक घर में ______ थे। __________ दाना लाता था। __________ भी दाना लाती थी। ऐसा करते-करते घर में बहुत से __________ जमा हो गए। एक दिन कौवे ने __________ "मैं चावल लेने __________ हूँ। तुम घर का __________ बंद रखना, नहीं तो __________ हमारे दाने ले __________। थोड़ी देर बाद एक घोड़ा __________। __________ ने कहा, "मुर्गी, मुर्गी दरवाजा ________ और मुझे कुछ दाने दे दो।" ________ ने कहा, "नहीं, नहीं मैं तुम्हें दाने ________ दे ________। घोड़े ने कहा, "मैं ________ भूखा हूँ।" मुर्गी को दया आ गई। उसने सभी दाने __________ को दे __________। अब __________ सोचने लगी कि __________ आकर मुझसे __________ के बारे में पूछेगा तो मैं क्या कहूँगी? चिंता के मारे __________ चक्की के पीछे __________ गई। कौआ वापिस आया। __________ मुर्गी को

आवाज नहीं ____________ । इतने में बिल्ली ने दरवाजा ____________ । कौवे ने ____________ खोला। बिल्ली ने कहा, "कौवे भाई, नमस्ते! ____________ बहन कहाँ हैं? मुझे कुछ मदद चाहिए।

**2. आगे क्या हुआ होगा? अपने सहपाठियों के साथ बातचीत कर कहानी पूरी कीजिए।**

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

## सीखने के प्रतिफल—

1. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-4

# वर्णों का खेल

**संबंधित दक्षता: C-3.1**: साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे — वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. नीचे दिए गए चित्रों को पहचानिए। उसकी प्रथम ध्वनि को उसके उच्चारण स्थान से मिलाइए।**

जैसे:



यह कमल का फूल है। कमल शब्द की प्रथम ध्वनि 'क' होती है। 'क' वर्ण कंठ से बोला जाता है। इसी प्रकार आप निम्न चित्रों को पहचानते हुए दिए गए स्थान में उसका नाम लिखिए। प्रथम ध्वनि का उसके उच्चारण स्थान से उचित मिलान भी कीजिए।

| | | नाम | प्रथम ध्वनि | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|---|---|
| (i) |  | | | ओष्ठ |
| (ii) |  | | | तालु |
| (iii) |  | | | दन्त |
| (iv) |  | | | मूर्धा |

*(विद्यार्थी शिक्षक की सहायता से इस रोचक गतिविधि को पूर्ण कर सकते हैं।)*

**2. वर्णों का सार्थक प्रयोग करते हुए वर्ग पहेली को पूर्ण कीजिए।**

वर्ग पहेली–1




वर्ग पहेली–2




## सीखने के प्रतिफल—

1. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-5

# खेल-खेल में सीखें भाषा

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे— वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं और उनका मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. उचित मिलान कीजिए—**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पूर्ण विराम | (,) |
| (ii) | अल्प विराम | (?) |
| (iii) | प्रश्न चिह्न | (!) |
| (iv) | विस्मयादिबोधक चिह्न | (।) |

**2. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

(i) ईद का चाँद होना: ____________________

____________________

(ii) आकाश-पाताल एक करना : ____________________

____________________

(iii) डूबते को तिनके का सहारा: ____________________

____________________

(iv) गागर में सागर भरना : ____________________

____________________

**3. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी पहचान कर लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | (क) | प्रापत | (क) | पराप्त | (क) | प्राप्त | = ________ |
| (ii) | (ख) | राकेश | (ख) | रोकेश | (ख) | राकश | = ________ |
| (iii) | (ग) | पकंज | (ग) | पजंक | (ग) | पंकज | = ________ |
| (iv) | (घ) | पर्यय | (घ) | पर्याय | (घ) | प्रयाय | = ________ |

**4. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों का निर्माण कीजिए।**

(i) अभी-अभी ____________________

(ii) समाचार ____________________

(iii) रेलगाड़ी ____________________

(iv) पढ़ाई ____________________

## सीखने के प्रतिफल—

1. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-6

# स्वस्थ आदतें, खुशहाल बच्चे

**संबंधित दक्षता: C-3.2:** उपयुक्त शैली और भाषा का प्रयोग करते हुए गद्य और काव्य लेखन करते हैं।

**1. नीचे दिए गए विज्ञापन को ध्यान से देखिए और अपनी समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**




(i) इस विज्ञापन में किस अभियान के बारे में बताया गया है?

______________________________

(ii) विज्ञापन के अनुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान कब मनाया गया?

______________________________

(iii) पेट में कीड़े होना 'कृमि रोग' कहलाता है। विज्ञापन के अनुसार कृमि संक्रमण से बच्चों की सेहत पर कौन-कौन से दुष्प्रभाव पड़ते हैं?

______________________________

______________________________

(iv) आपके विद्यालय में यदि कृमि दिवस मनाया जाए तो आप इस दिन के लिए क्या-क्या तैयारियाँ करेंगे?

(v) कृमि संक्रमण से बचाव के लिए हमें कौन-कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

(vi) शरीर में खून की कमी से कौन-सी बीमारी हो जाती है?

(vii) विज्ञापन के अनुसार बच्चे खुशहाल कैसे बन पाएँगे?

**सीखने प्रतिफल—**

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप में व्यक्त करते हैं।

# सप्ताह-3

## गतिविधि-1

## रंगोली

**संबंधित दक्षता: C-1.5:** विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों और श्रोताओं /दर्शकों/पाठकों को ध्यान में रखते हुए श्रव्य, दृश्य सामग्री बनाते हैं।

**1. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**



1. इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? अपने शब्दों में लिखिए।

2. इस रंगोली को बनाने के लिए कौन-कौन सी सामग्री उपयोग में लाई गई होगी?

3. क्या आपने कभी अपने विद्यालय में या घर पर रंगोली बनाई है? इसके बारे में अपना अनुभव लिखिए।

4. रंगोली किन-किन अवसरों और त्योहारों पर बनाई जाती है?

______________________________________________

______________________________________________

**2. आओ कुछ बनाएँ और रंग भरें**

अपनी पसंद की एक रंगोली का चित्र बनाइए और उसमें अपने मनपसंद रंग भरिए।

**सीखने के प्रतिफल—**

5. रेडियो, टी.वी., समाचार-पत्रों, इंटरनेट में देखे /सुने/ पढ़े गए समाचारों या अन्य पाठ्य-सामग्री को अपने शब्दों में कहते हैं /सांकेतिक रूप से अभिव्यक्त करते हैं।

## गतिविधि-2

# कविता की समझ

**संबंधित दक्षता**

**C-1.1:** किसी पाठ्यवस्तु (समाचार - लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उसका सारांश प्रस्तुत करते हैं।

**C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़िए और उससे बनी समझ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**



*रंग-बिरंगे पंख तुम्हारे,*
*सबके मन को भाते हैं।*
*कलियाँ देख तुम्हें खुश होतीं,*
*फूल देख मुस्काते हैं।*
*रंग-बिरंगे पंख तुम्हारे,*
*सबका मन ललचाते हैं।*
*तितली रानी, तितली रानी ,*
*यह कह सभी बुलाते हैं।*
*पास नहीं क्यों आती तितली,*
*दूर-दूर क्यों रहती हो?*
*फूल-फूल के कानों में जा,*
*धीरे-से क्या कहती हो?*
*सुंदर-सुंदर प्यारी तितली,*
*आँखों को तुम भाती हो।*
*इतनी बात बता दो हमको,*
*हाथ क्यों नहीं आती हो?*
*इस डाली से उस डाली पर*
*उड़-उड़कर क्यों जाती हो?*
*फूल-फूल का रस लेती हो,*
*हमसे क्यों शर्माती हो?*



1. कविता में किसके बारे में बात की गई है?

______________________________

2. तितली को किस नाम से पुकारा गया है?

______________________________

3. कलियाँ और फूल, तितली को देखकर क्या करते हैं?

______________________________

4. नीचे दिए गए समान अर्थ वाले शब्दों का उचित मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| **डाली** | **लुभाना** |
| **खुश होना** | **अच्छे लगते हैं** |
| **ललचाना** | **शाखा** |
| **भाते हैं** | **लजाना** |
| **शर्माना** | **प्रसन्न होना** |

5. कविता में कलियाँ शब्द कली का बहुवचन है। इसी प्रकार आप निम्न शब्दों के बहुवचन शब्द बनाकर लिखिए।

डाली – ______________

तितली – ______________

आँख – ______________

6. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों का निर्माण कीजिए-

(i) रंग-बिरंगा ______________________________

(ii) हाथ न आना ______________________________

(iii) सुंदर-सुंदर ______________________________

(iv) शर्माना ______________________________

7. कविता में आया फूल-फूल शब्द, युग्म पुनरुक्त शब्द कहलाता है। कविता में आए ऐसे अन्य शब्द-युग्मों को छाँटकर लिखिए।

### दक्षता C- 1.1 के सीखने के प्रतिफल—

1. किसी भी सामग्री को सुनकर और पढ़कर अपने विचार बोलकर साझा करते हैं।
2. पाठ्यवस्तु को पढ़ते या सुनते समय उसके मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं।
3. पाठ्यसामग्री को पढ़कर या सुनकर उसका सारांश लिखते हैं।

### दक्षता C- 3. 1 के सीखने के प्रतिफल—

1. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना, विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

गतिविधि-3

# आइए बुनें कहानी

**संबंधित दक्षता**

**C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**C-3.2**: उपयुक्त शैली और भाषा का प्रयोग करते हुए गद्य और काव्य लेखन करते हैं।

**1. नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखिए और अपनी पसंद के किसी एक चित्र पर अपने शब्दों में कहानी लिखिए।**





चित्र-1 ____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

चित्र-2 ____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

**2. पहले और दूसरे चित्र में आप जो देख रहे हैं उनके नाम नीचे लिखिए।**

| पहले चित्र में जो देखा उनके नाम | दूसरे चित्र में जो देखा उनके नाम |
| --- | --- |
| (i) ____________ | (i) ____________ |
| (ii) ____________ | (ii) ____________ |
| (iii) ____________ | (iii) ____________ |
| (iv) ____________ | (iv) ____________ |

**3. किसी भी प्राणी, वस्तु, स्थान, भाव के नाम को संज्ञा के नाम से जाना जाता है। आप अपने परिवार में या आस-पड़ोस में पाए जाने वाले पाँच संज्ञा शब्दों के नाम लिखिए।**

**4. कहानी के शीर्षक का उसके उचित संदेश से मिलान कीजिए और अपने शब्दों में कहानियों का संदेश भी लिखिए।**

| | |
| --- | --- |
| (क) प्यासा कौआ | कर भला तो हो भला |
| (ख) शेर और चूहा | जहाँ चाह, वहाँ राह |

## 'शब्द सीढ़ी'

5. नीचे दी गई शब्द सीढ़ी को ध्यान से देखिए। शब्द के अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाएँ और सीढ़ियाँ चढ़ते जाएँ।






## सीखने के प्रतिफल —

1. समुचित भाषा का उपयोग कर विभिन्न विषयों पर वर्णनात्मक/काव्यात्मक ढंग से लिखते हैं।
2. हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद एवं टिप्पणी को मौखिक–लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।
3. साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

### गतिविधि-4

# शब्दों का खेल

**संबंधित दक्षता: C-2.2:** साहित्य के विभिन्न रूपों में निहित भाषिक, साहित्यिक सौंदर्य [अनुप्रास, पुनरुक्ति, उपमा, मुहावरे, कहावतें और पहेलियों] की पहचान करते हैं और उनका लेखन में उपयोग करते हैं।

**1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थान भरिए।**

(i) पक्षी अपने ____________ में बैठे हैं। (नीड़, नीर)

(ii) वह खाना खाकर पार्क की ____________ चला गया। (और, ओर)

(iii) इस वर्ष देश में ____________ की पैदावार कम हुई है। (अन्य, अन्न)

(iv) पलक का व्यवहार ____________ है। (निश्चल, निश्छल)

**2. नीचे दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (i) एक और एक ग्यारह होना | बहुत शर्मिंदा होना |
| (ii) घी के दिये जलाना | इंकार कर देना |
| (iii) अँगूठा दिखाना | खुशी मनाना |
| (iv) टेढ़ी खीर होना | एकता में बल होना |
| (v) पानी-पानी होना | कठिन कार्य होना |

**3. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए।**

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| कवी | ________ | डाक्टर | ________ |
| आर्शीवाद | ________ | पुन्य | ________ |
| चिन्ह | ________ | कन | ________ |
| प्रथ्वी | ________ | गनेश | ________ |
| अभार | ________ | कवियत्री | ________ |

**4. वर्ग पहेली से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया शब्द छाँटकर दिए गए खाने में लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| र | च | ना | तु | म |
| प | ढ़ | ना | र | द |
| त | ना | य | ह | नि |
| ला | ल | क | म | ल |
| आ | म | ट | का | ला |
| प | व | न | न | ल |

शिक्षक बच्चों को वर्ग पहेली करवाने से पूर्व संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया का संदर्भ सहित संक्षिप्त परिचय अवश्य दें।

नाम वाले शब्द (संज्ञा)

नाम की जगह प्रयोग होने वाले शब्द (सर्वनाम)

विशेषता बताने वाले शब्द (विशेषण)

काम वाले शब्द (क्रिया)

## सीखने के प्रतिफल—

1. कविताओं में से भाषा की बारीकियों (अनुप्रास, पुनरुक्ति, ध्वनि सौंदर्य) की पहचान करते हैं।
2. पाठ्यपुस्तक की गद्य रचनाओं में से भाषा की बारीकियों (मुहावरे, कहावतें और पहेलियों) की पहचान करते हैं।
3. नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हैं और उनके अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का उपयोग करते हैं।
4. पाठ्यवस्तु में प्रयुक्त मुहावरों, कहावतों और पहेलियों को पढ़कर उनमें रुचि प्रदर्शित करते हैं।

गतिविधि-5

# मेट्रो का सफर (यात्रा)

**संबंधित दक्षता: C-1.2:** उपयुक्त भाषा (औपचारिक/अनौपचारिक, संदर्भ के अनुसार प्रासंगिक) का उपयोग करके सामाजिक अनुभवों पर चर्चा करते हैं और संवेदनशीलता के साथ प्रश्न पूछते हैं।





1. चित्रों में आप जो देख पा रहे हैं उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

______________________________

2. उपर्युक्त चित्र में यातायात के किस साधन को दिखाया गया है?

______________________________

3. आपके आस-पास यातायात के साधनों के नाम नीचे लिखिए।

__________, __________, __________, __________,

4. आपने कौन-कौन से यातायात के साधनों से यात्रा की है? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए।

______________________________

______________________________

5. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों का निर्माण कीजिए।

(i) यात्रा ______________________________

(ii) मेट्रो ______________________________

(iii) कार ______________________________

(iv) तेज ______________________________

6. मेट्रो द्वारा यात्रा से यात्रियों को क्या-क्या लाभ हुए हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

**सीखने के प्रतिफल—**

1. किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों और घटनाओं (जैसे– त्योहार, स्थानीय सभा आदि) पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न करते हैं।
2. सुनी-पढ़ी रचनाओं/ देखी-सुनी हुई घटनाओं/विषयों पर बातचीत को अपने ढंग से आगे बढ़ाते हैं।

गतिविधि-6

# मेले का दृश्य

**संबंधित दक्षता: C-2.1:** विभिन्न संस्कृतियों तथा कालखंडों में रचित साहित्य के विभिन्न रूपों (गद्य, कविता, नाटक) और लेखन शैलियों (कथात्मक, वर्णनात्मक, व्याख्यात्मक, उद्बोधक) की पहचान करते हैं और उनकी सराहना करते हैं।

**1. मेले के दृश्य को ध्यान से देखिए और उसके बारे में नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**




1. इस दृश्य में आप क्या-क्या देख पा रहे हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

___

2. आपने भी कभी न कभी मेला अवश्य देखा होगा। उस दृश्य को याद करते हुए अपने अनुभव सभी को बताइए और लिखिए।

___

___

___

3. चित्र में **चूड़ीवाला** शब्द लिखा हुआ है। इसमें **'चूड़ी'** मूल शब्द है और **'वाला'** प्रत्यय है। इसी प्रकार आप भी **'वाला'** प्रत्यय लगाकर नए-नए शब्द बनाइए।

फूल, मिठाई, खिलौने, सब्जी, दूध,
मुरली, कुल्फी, फल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

4. मेले में अनेक दुकानें देखने को मिलती हैं। अपने अनुभव के आधार पर और दृश्य को देखते हुए अपना उत्तर लिखिए।

_______________

_______________

5. 'मेला' शब्द एकवचन है और 'मेले' बहुवचन। इसी प्रकार नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

(i) थैला _______________

(ii) झूला _______________

(iii) ठेला _______________

(iv) पैसा _______________

(v) केला _______________

**सीखने के प्रतिफल —**

1. साहित्य के विभिन्न रूपों (गद्य, कविता और नाटक) में अंतर की पहचान करते हैं।
2. स्थानीय लोक साहित्य (कहानियों और गीत) की सराहना करते हैं।
3. अपने आस-पास की भाषा से भिन्न भाषा, खान-पान एवं रहन-सहन संबंधी विविधताओं पर बातचीत करते हैं।

# सप्ताह 4

## गतिविधि-1

# भाषा के खेल

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए विराम-चिह्नों में से उचित विराम-चिह्न चुनकर लगाइए।**

? ! । , -

(i) क्या तुम खेलने जा रहे हो

(ii) अरे आपने यह किया

(iii) बगीचे में लाल पीले और नीले फूल खिले हैं

(iv) हमें अपना काम समय पर ही करना चाहिए

(v) क्या पलक अभी अभी आई है

**2. वर्ग पहेली से एकवचन और बहुवचन शब्द छाँटकर नीचे दिए गए वर्गों में लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| का | ले | रा | त |
| ला | गा | तें | ऋ |
| मे | ड़ी | छा | तु |
| ज | मा | त्रा | एँ |
| मा | गा | एँ | ल |
| ता | जा | ले | ता |

एकवचन

बहुवचन

**3. नीचे दिए गए शब्द समूहों को क्रम में लगाते हुए वाक्यों में बदलिए।**

(i) अभी-अभी/है/मैंने/सेब/खाया।

_______________________________________________

(ii) में/सूर्य/पूर्व/है/निकलता।

_______________________________________________

(iii) राष्ट्रगान/हैं/बच्चे/रहे/गा।

_______________________________________________

(iv) ध्यानपूर्वक/हिंदी/पढ़ता/है/भुवन।

_______________________________________________

(v) को/फल/मनुष्य/इच्छा/की/छोड़कर/ध्यान/कर्म पर/चाहिए/देना।

_______________________________________________

**4. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त शब्द-युग्म से रिक्त स्थान भरिए।**

**ऊबड़-खाबड़, हार-जीत, साफ-सुथरा, इधर-उधर, लोट-पोट**

(i) हमारा विद्यालय का प्रांगण ______________ है।

(ii) सभी बच्चे चुटकुले सुनकर ______________ हो गए।

(iii) वहाँ देख कर जाना क्योंकि आगे का रास्ता ______________ है।

(iv) कोच ने खिलाडियों से कहा,“खेल में ______________ तो लगी रहती है।”

(v) अध्यापक ने एक बच्चे से कहा कि तुम ______________ मत देखो।

**सीखने के प्रतिफल—**

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-2

# वर्णमाला- आइए! कुछ करें

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. नीचे लिखे शब्दों को वर्णमाला के क्रम से लगाते हुए पुनः लिखिए।**

**पहिया, उपहार, देश, उपवन, अमन, संज्ञा, घोड़ा, आराम, आगमन, बैल, अनार, निवासी, कुम्हार, संदेश, शतरंज**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**2. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द ढूँढ़कर पूरा कीजिए।**

(i) नील और पूजा ने रंग-बिरंगे कपड़ों __________ ढ़ेर सारी साड़ियाँ खरीदीं। (की/कि)

(ii) पलक की माँ ने कहा ______________ हम सब मिलकर दिल्ली जाएँगे। (की/कि)

(iii) मेरे पिताजी सदैव दूसरों की मदद करते ______________ । (हैं/है)

(iv) आज हम प्रण करते हैं ______ हम भी दूसरों _______ सहायता करेंगे। (की/कि)

(v) ज्योति आज अपना जन्मदिन मना रही _____________। (हैं/है)

3. **निम्नलिखित चित्रों को ध्यान से देखिए और इनमें से जिस कार्य को करने से आपको खुशी मिलती है, उसके बारे पाँच वाक्य लिखिए।(कोई एक ही करें)**



**पतंग उड़ाना**



**क्रिकेट खेलना**



**साइकिल चलाना**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

## सीखने के प्रतिफल—

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

गतिविधि-3

# बाल मेला सूचना

**संबंधित दक्षता: C-1.1:** किसी पाठ्यवस्तु (समाचार - लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उसका सारांश प्रस्तुत करते हैं।

**सूचना**
**क. ख. विद्यालय**
**बाल मेला**
**समस्त विद्यार्थियों-अभिभावकों का**
**सहर्ष स्वागत है।**
**दिनांक : 14 नवंबर 2023**
**समय : प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक**
**स्थल : क. ख. विद्यालय खेल मैदान**
**अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर मेले को सफल बनाएँ।**
**आयोजनकर्ता : प्राचार्य**
**क. ख. विद्यालय**

**1. दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) विद्यालय किस समारोह का आयोजन कर रहा है?

a) सांस्कृतिक कार्यक्रम

b) पुस्तक मेला

c) बाल मेला

(ii) बाल मेला का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

a) क. ख. विद्यालय

b) क. ख. विद्यालय पुस्तकालय

c) क. ख. विद्यालय खेल मैदान

(iii) प्रातः 10:00 बजे के समय को आप किस प्रकार लिख सकते हैं?

a) पूर्वाहन 10:00 बजे

b) मध्यरात्रि 10:00 बजे

c) दोपहर 10:00 बजे

(iv) समारोह का क्या समय निर्धारित किया गया है?

a) 10:00 बजे से 11 बजे तक

b) 11:00 बजे से 12.30 बजे तक

c) 10:00 बजे से 12.00 बजे तक

(v) बाल मेले के आयोजनकर्ता कौन हैं?

a) अभिभावक

a) विद्यार्थी

a) प्राचार्य

**सीखने के प्रतिफल—**

1. किसी भी सामग्री को सुनकर और पढ़कर अपने विचार बोलकर/(दिव्यांगजन) सांकेतिक भाषा में प्रकट/साझा करते हैं।
2. पाठ्यवस्तु को पढ़ते या सुनते समय उसके मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं।
3. पाठ्यसामग्री को  पढ़कर या सुनकर उसका सारांश लिखते हैं।

गतिविधि-4

# शब्दों की समझ

**संबंधित दक्षता: C-4.2:** परियोजनाओं और अन्य गतिविधियों में प्रयोग करने के लिए संदर्भ खोजने हेतु पुस्तकों और अन्य मीडिया संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं।

1. **नीचे दिए गए वृक्षों की शाखाओं में 'च' और 'त' से शुरू होने वाले कुछ शब्द अंकित हैं। इन्हें वर्णमाला के मात्रा-क्रम के अनुसार लिखिए। उदाहरण के रूप में एक करके दिखाया गया है।**



1. चरखी
2. चारपाई
3. चिड़िया
4. चीनी

6. चूड़ी
7. चेतना
8. चैत्र
9. चोकर




**सीखने के प्रतिफल—**

अपनी परियोजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों के लिए पुस्तक कोने और पुस्तकालय से अपेक्षित सामग्री की खोज करते हैं।

गतिविधि-5

# शब्द और व्याकरण

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

## 1. भूल भुलैया का खेल

**जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा (किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के नाम) के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।**




**2. नीचे दी गई कहानी में उचित सर्वनाम लगाकर पुनः लिखिए।**

मसीरा एक बालिका थी। मसीरा के पास बकरी का एक छोटा-सा बच्चा था। मसीरा ने उसका नाम लाली रखा था। मसीरा लाली को बहुत प्यार करती थी। मसीरा ने लाली के गले में एक घंटी बाँध रखी थी। घंटी की टन-टन से मसीरा को पता चलता था कि लाली कहाँ चर रही है।

एक बार मसीरा बीमार पड़ गई। मसीरा लाली को चराने जंगल में न जा सकी। इसलिए मसीरा के पिताजी ने लाली को गाँव के अन्य पशुओं के साथ जंगल में चरने के लिए छोड़ दिया। जंगल में चरते-चरते लाली अपने साथ की बकरियों से बिछुड़कर काफी दूर निकल गई। शाम होने पर सारे पशु लौट आए पर लाली उनमें न थी।

### सीखने के प्रतिफल—

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।

## गतिविधि-6

# शब्द-खेल

**संबंधित दक्षता: C-3.1:** साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषिक पहलुओं (नियम) जैसे वाक्य संरचना, विराम चिह्न, काल, लिंग, कारक और वचन की पहचान करते हैं एवं उनका मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं।

**1. कैलेंडर देखकर सारिणी में दिए गए उदाहरण को देखते हुए रिक्त स्थानों को भरिए।**

**बीस तारीख को ____है।**
**बीस तारीख को शनिवार है।**

| अप्रैल -2024 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगलवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुधवार | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| बृहस्पतिवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्रवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनिवार | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| रविवार | 7 | 14 | 21 | 28 | |

(i) पंद्रह तारीख को .................................. है।

(ii) ......................... को एक तारीख है।

(iii) दस तारीख को ................................ है।

(iv) ........................................ को तीस तारीख है।

(v) दूसरा शनिवार .................. तारीख को है।

(vi) किस-किस तारीख को रविवार है? ____________, ____________, _________, ________

(vii) अंतिम सोमवार ____________तारीख को है।

(viii) पंद्रह दिन के बाद शनिवार किस तारीख को आ रहा है? ____________

### 2. शब्दों की रचना

सामाजिक, पारंपरिक, जैसे शब्द 'इक' प्रत्यय लगाकर बनाए गए हैं। इसी प्रकार 'इक' प्रत्यय लगाकर अन्य शब्द बनाइए।




### सीखने के प्रतिफल—

साहित्य के विभिन्न रूपों को पढ़ते समय भाषा की आधारभूत इकाइयों जैसे शब्द-भेद, वाक्य संरचना एवं विराम चिह्न की समझ बनाते हैं।



विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING